# कारपोरेट क्षेत्र संबंधी मासिक सूचना बुलेटिन

## दिसंबर, 2014

**भारत सरकार**
**कारपोरेट कार्य मंत्रालय**
5वां तल, ए-विंग, शास्त्री भवन,
डॉ. आर.पी. रोड, नई दिल्ली-110001.

# <u>प्रमुख उपलब्धियां</u>

## I <u>31 दिसंबर, 2014 तक पंजीकृत कंपनियां</u>


**1.** 31 दिसंबर, 2014 की स्थिति के अनुसार देश में कुल 14,39,201 कंपनियां पंजीकृत थीं। इनमें से 2,63,024 कंपनियां बंद हो गईं; 87 कंपनियों को कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार निष्क्रिय दर्जा दिया गया; 1,39,627 कंपनियों ने लगातार तीन वर्षों से अपनी सांविधिक वार्षिक फाइलिंग नहीं की है; 5,220 कंपनियां समापनाधीन थीं; 22,803 कंपनियों का नाम रजिस्टर से हटाने की कार्रवाई चल रही थी और 803 कंपनियों को पुन: सक्रिय करने की कार्रवाई चल रही थी। उपर्युक्त को देखते हुए 31 दिसंबर, 2014 तक 10,07,637 सक्रिय कंपनियां थीं।

**2.** 2,63,024 बंद कंपनियों में से 10,246 कंपनियों का समापन/विघटन किया गया; 2,35,267 कंपनियां निष्क्रिय थीं (अत: नाम हटा दिया गया) ; 14,923 कंपनियों का अन्य कंपनियों के साथ समामेलन/विलय किया गया; 2,588 कंपनियों का विघटन करके एलएलपी में परिवर्तित किया गया। **तालिका 1.1** में 31 दिसंबर, 2014 तक की कंपनियों की स्थिति संक्षेप में दशाई गई है।

**3.** 31 दिसंबर, 2014 तक सक्रिय कंपनियों के प्राधिकृत पूंजीवार वितरण **(तालिका 1.2)** में दर्शाया गया है कि लगभग 65.55 प्रतिशत कंपनियों (6,60,460) में प्रत्येक की प्राधिकृत पूंजी 10 लाख रूपए से कम या इसके बराबर है और लगभग 2.13 प्रतिशत कंपनियों (21,415) प्रत्येक की प्राधिकृत पूंजी 10 करोड़ रूपए से अधिक है।

**4.** पंजीकृत कंपनियों के राज्य/संघ शासित क्षेत्रवार वितरण से पता चलता है कि महाराष्ट्र में कंपनियों की संख्या सर्वाधिक (2,91,089) है और इसके बाद दिल्ली (2,68,732) तथा पश्चिम बंगाल (1,84,934) है। इसी प्रकार 31 दिसंबर, 2014 तक 'सक्रिय कंपनियों' में महाराष्ट्र में सर्वाधिक सक्रिय कंपनियां (2,12,649) हैं और इसके बाद दिल्ली (1,94,841) तथा पश्चिम बंगाल (1,36,944) सक्रिय कंपनियां हैं **(तालिका 1.3)**।


**5.** सक्रिय कंपनियों के आर्थिक कार्यकलापवार वर्गीकरण से पता चलता है कि सर्वाधिक कंपनियां व्यापार सेवा से संबंधित हैं। (2.47 लाख) जिसके बाद विनिर्माण (2.13 लाख), व्यवसाय (1.50 लाख) और निर्माण क्षेत्र में (1.06 लाख) कंपनियां हैं। व्यापार सेवा में सूचना प्रौद्योगिकी, अनुसंधान एवं विकास तथा अन्य व्यापार कार्यकलाप (जैसे विधि, लेखा परीक्षा और लेखाकारिता एवं परामर्श आदि) शामिल हैं **(तालिका 1.4 और चार्ट 1.1)**।




एम एंड क्यू - खनन एवं उत्खनन, ईजी एंड डब्ल्यू - विद्युत, गैस और पानी, टीएस एंडी सी - परिवहन, भंडारण एवं संचार, सीपी एंड एस - समुदाय, वैयक्तिक एवं सामाजिक सेवाएं। 24,069 सक्रिय कंपनियों (अवर्गीकृत श्रेणी) के पास अमान्य आर्थिक कार्यकलाप (एनआईसी-2004) कोड है।

## II एकल व्यक्ति कंपनी


**6.** 31 दिसंबर, 2014 तक कुल 1,403 एकल व्यक्ति कंपनियां 31.31 करोड़ रूपए की सामूहिक प्राधिकृत पूंजी के साथ पंजीकृत की गईं। 31 दिसंबर, 2014 तक एकल व्यक्ति कंपनियों का आर्थिक कार्यकलापवार वर्गीकरण दर्शाता है कि अधिकतम एक व्यक्ति कंपनियां व्यापार सेवाओं (775) में हैं और इसके बाद समुदाय, वैयक्तिक एवं सामाजिक सेवाएं (196), व्यवसाय (135) और उत्पादन (106) हैं **(चार्ट 2.1)।** दिसंबर, 2014 के दौरान 5.90 करोड़ रूपए की प्राधिकृत पूंजी के साथ कुल 277 एकल व्यक्ति कंपनियां पंजीकृत की गईं। इस माह के दौरान एकल व्यक्ति कंपनियों का आर्थिक कार्यकलापवार वर्गीकरण दर्शाता है कि अधिकतम 129 एकल व्यक्ति कंपनियां व्यापार सेवाओं में पंजीकृत की गईं और समुदाय, वैयक्तिक एवं सामाजिक सेवाओं में 62 तथा व्यवसाय में 39 कंपनियां थीं **(तालिका 2.1)**। दिसंबर, 2014 के दौरान सर्वाधिक 58 एकल व्यक्ति कंपनियां दिल्ली में (20.94%), उत्तर प्रदेश में 39 (14.08%) और महाराष्ट्र में 36 (13.00%) पंजीकृत की गईं।




एम एंड क्यू - खनन एवं उत्खनन, ईजी एंड डब्ल्यू - विद्युत, गैस और पानी, टीएस एंडी सी - परिवहन, भंडारण एवं संचार, सीपी एंड एस - समुदाय, वैयक्तिक एवं सामाजिक सेवाएं, 'आरईएंडआर' - स्थावर संपदा और किराया।

## III नई कंपनियों और एलएलपी के पंजीकरण की प्रवृत्ति


**7.** जनवरी, 2013 से 31 दिसंबर, 2014 तक नई कंपनियों के पंजीकरण का विश्लेषण दर्शाता है कि प्रति माह कंपनियों का पंजीकरण बढ़ा है जो अप्रैल, 2014 में न्यूनतम 765 था **(चार्ट 3.1)**। हालांकि दिसंबर, 2013 में पंजीकृत 7944 कंपनियों की तुलना में दिसंबर, 2014 में 6, 446 कंपनियां पंजीकृत की गईं परंतु दिसंबर, 2014 में पूर्व माह की तुलना में अधिक संख्या में कंपनियां पंजीकृत की गईं। पिछले कुछ माह में एलएलपी के पंजीकरण में भी वृद्धि देखी गई जिसमें दिसंबर, 2014 में सर्वाधिक 1,399 कंपनियां पंजीकृत की गईं **(तालिका 3.1)।** अप्रैल, 2014 से नई कंपनियों के साथ-साथ एलएलपी के पंजीकरण में वृद्धि हुई हालांकि अक्टूबर, 2014 में इनकी संख्या में गिरावट देखी गई।




## IV <u>दिसंबर, 2014 के दौरान नई कंपनियों का पंजीकरण</u>

**8.** दिसंबर, 2014 के दौरान 6,234.23 करोड़ रूपए की सामूहिक प्राधिकृत पूंजी के साथ कुल 6,446 कंपनियां पंजीकृत की गईं। इनमें से 6,424 कंपनियां 6,233.53 करोड़ रूपए की प्राधिकृत पूंजी के साथ शेयरों द्वारा सीमित कंपनियां थीं; 20 कंपनियां 68 लाख रूपए की प्राधिकृत पूंजी के साथ गारंटी द्वारा सीमित कंपनियां थीं और 2 कंपनियां 2 लाख रूपए की पूंजी के साथ असीमित कंपनियों के रूप में पंजीकृत की गईं **(तालिका4.1)**।

**9.** दिसंबर, 2014 के दौरान कंपनियों का आर्थिक कार्यकलापवार वर्गीकरण **(तालिका 4.2 और चार्ट 4.1)**। दर्शाता है कि सर्वाधिक कंपनियां व्यापार सेवा (2,878) में थीं और उत्पादन (892), व्यवसाय (656), समुदाय, वैयक्तिक और सामाजिक सेवाएं (447) और निर्माण (415) थीं।





'एमएंडक्यू' से खनन और उत्खनन, 'ईजीएंडडब्ल्यू' से विद्युत, गैस और जल, 'टीएस एंड सी' से परिवहन, भंडारण और संचार तथा 'सीपी एंड एस' से समुदाय, व्यक्तिगत और सामाजिक सेवाएं अभिप्रेत हैं।


10. दिसंबर, 2014 के दौरान दिल्ली में 1200 कंपनियां (18.62%), महाराष्ट्र में 954 (14.80%) और उत्तर प्रदेश में 662 (10.27%) कंपनियां पंजीकृत हुईं **(तालिका 4.3)**।

## V. सीमित देयता भागीदारियां (एलएलपी) और विदेशी कंपनियां

11. 31 दिसंबर, 2014 की स्थिति के अनुसार देश में कुल 30845 एलएलपी पंजीकृत थी और उनमें से 30478 सक्रिय थी। लगभग 82.46% सक्रिय सीमित देयता भागीदारियों (25131) में से प्रत्येक पर पांच लाख रूपए या उसके बराबर अंशदान की देयता थी; और मात्र 3.11% सीमित देयता भागीदारियों (949) मे से प्रत्येक पर एक करोड़ रुपए से अधिक के अंशदान की देयता थी (**तालिका 5.1 और चार्ट 5.1**)।




12. 31 दिसंबर, 2014 को सक्रिय एलएलपी के मुख्य आर्थिक क्षेत्र-वार विवरण से यह स्पष्ट होता है कि सेवा क्षेत्र में सर्वाधिक 22884 एलएलपी हैं, जिसके बाद उद्योग और कृषि क्षेत्र में क्रमश: 7044 और 548 एलएलपी हैं। 31 दिसंबर, 2014 की स्थिति के अनुसार सक्रिय एलएलपी के आर्थिक कार्यकलाप-वार वर्गीकरण से यह स्पष्ट होता है कि सेवा क्षेत्र में बड़ी संख्या में एलएलपी हैं (12082) जिसके बाद स्थावर संपदा और किराया (3696), निर्माण (3599) और व्यापार (3309) आता है (**तालिका 5.2 और चार्ट 5.2**)।




'टीएस एंड सी' से परिवहन, भंडारण और संचार तथा 'सीपी एंड एस' से समुदाय, व्यक्तिगत और सामाजिक सेवाएं अभिप्रेत हैं।

13. दिसंबर, 2014 के दौरान कुल 1339 सीमित देयता भागिदारियां (एलएलपी) पंजीकृत हुई जिनकी कुल अंशदान देयता 236.61 करोड़ रुपए थी। इस माह के दौरान सीमित देयता भागादारियों के आर्थिक कार्यकलाप-वार वर्गीकरण से यह स्पष्ट होता है कि सर्वाधिक 524 एलएलपी व्यावसायिक सेवाओं में थे जिसके पश्चात् स्थावर संपदा और किराये में 190 और विनिर्माण में 174 एलएलपी थी (**तालिका 5.3 और चार्ट 5.3**)। दिसंबर, 2014 के महीने में सर्वाधिक 532 एलएलपी महाराष्ट्र में (38.03%) पंजीकृत हुई जिसके पश्चात् दिल्ली में 145 (10.36%) एलएलपी पंजीकृत हुई।




'एमएंडक्यू' से खनन और उत्खनन, 'टीएस एंड सी' से परिवहन, भंडारण और संचार तथा 'सीपी एंड एस' से समुदाय, व्यक्तिगत और सामाजिक सेवाएं अभिप्रेत हैं।

## विदेशी कंपनियां

14. 31 दिसंबर, 2014 की स्थिति के अनुसार, कुल 3306 विदेशी कंपनियां भारत में व्यवसाय कर रही थीं। दिसंबर, 2014 के महीने में 23 विदेशी कंपनियां भारत में पंजीकृत हुईं जिनमें महाराष्ट्र में 7, दिल्ली में 6, हरियाणा और कर्नाटक प्रत्येक में 3, गुजरात, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल प्रत्येक में 1 विदेशी कंपनियां पंजीकृत हुईं। इन 23 विदेशी कंपनियों में से, 13 व्यवासय सेवाओं के अधीन पंजीकृत हुई।

*****

| तालिका 1.1 31 दिसंबर, 2014 की स्थिति के अनुसार भारत में कंपनियों का सार विवरण | | |
|---|---|---|
| **1** | **31 दिसंबर, 2014 की स्थिति के अनुसार पंजीकृत कंपनियां** | **1,439,201** |
| 2 | बंद कंपनियों की संख्या | 263,024 |
| *i* | *परिसमापित/विघटित कंपनियों की संख्या* | 10,246 |
| *ii* | *निष्क्रिय/नाम हटाए गए (धारा 560) कंपनियों की संख्या* | 235,267 |
| *iii* | *आमेलित/विलय की गई कंपनियो की संख्या* | 14,923 |
| *iv* | *एलएलपी में संपरिवर्तित कंपनियों की संख्या* | 2,588 |
| 3 | कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 455 के अधीन निष्क्रिय कंपनियों की संख्या | 87 |
| 4 | लगातार तीन वर्षों के लिए सांविधिक वार्षिक फाइलिंग नहीं करने वाली कंपनिर्यीं की संख्या | 139,627 |
| 5 | परिसमापनाधीन कंपनियों की संख्या | 5,220 |
| 6 | कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 560 की प्रक्रिया के अधीन कंपनियों की संख्या | 22,803 |
| 7 | एआईपीजी (प्रगति में सक्रिय) रहने वाली कंपनियों की संख्या | 803 |
| | **सक्रिय कंपनियों की संख्या** | **1,007,637** |

**नोट:**

1. एआईपीजी - (प्रगति में सक्रिय) - निष्क्रिय कंपनी को मंत्रालय द्वारा लंबित वार्षिक फाइलिंग दर्ज करने हेतु 21 दिन का समय दिया जाता है। इस अवधि के दौरान कंपनी की स्थिति प्रगति में सक्रिय रहती है।
2. कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 560 के अधीन कंपनी रजिस्ट्रार को निष्क्रिय कंपनियों का नाम कंपनियों के रजिस्टर से हटाने का अधिकार है। यह प्रक्रिया कंपनियों के परिसमापन से (अधिकरण द्वारा या स्वैच्छिक रूप से) अलग है।

## तालिका 1.2 - 31 दिसंबर, 2014 की स्थिति के अनुसार प्राधिकृत पूंजी-वार सक्रिय कंपनियां

(प्राधिकृत पूंजी करोड़ रुपए में)

| क्रम संख्या | प्राधिकृत पूंजी रेंज | निजी | | सार्वजनिक | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संख्या | प्राधिकृत पूंजी | संख्या | प्राधिकृत पूंजी | संख्या | प्राधिकृत पूंजी |
| 1 | एक लाख रुपए तक | 339,832 | 3,356.81 | 1,576 | 1.31 | 341,408 | 3,358.13 |
| 2 | 1 लाख रुपए से अधिक और 5 लाख रुपए तक | 187,145 | 7,899.59 | 9,446 | 470.57 | 196,591 | 8,370.16 |
| 3 | 5 लाख रुपए से अधिक और 10 लाख रुपए तक | 116,669 | 11,396.26 | 5,792 | 551.85 | 122,461 | 11,948.11 |
| 4 | 10 लाख रुपए से अधिक और 25 लाख रुपए तक | 86,326 | 17,916.67 | 5,207 | 1,138.74 | 91,533 | 19,055.41 |
| 5 | 25 लाख रुपए से अधिक और 50 लाख रुपए तक | 69,952 | 30,263.93 | 5,261 | 2,397.57 | 75,213 | 32,661.50 |
| 6 | 50 लाख रुपए से अधिक और 1 करोड़ रुपए तक | 58,413 | 51,921.20 | 7,737 | 7,286.28 | 66,150 | 59,207.48 |
| 7 | 1 करोड़ रुपए से अधिक और 2करोड़ रुपए तक | 33,395 | 55,404.67 | 5,203 | 8,936.68 | 38,598 | 64,341.35 |
| 8 | 2 करोड़ रुपए से अधिक और 5करोड़ रुपए तक | 30,221 | 109,677.03 | 8,252 | 32,563.10 | 38,473 | 142,240.13 |
| 9 | 5 करोड़ रुपए से अधिक और 1010 करोड़ रुपए तक | 10,010 | 78,824.39 | 5,785 | 46,103.57 | 15,795 | 124,927.96 |
| 10 | 10 करोड़ रुपए से अधिक और 25 करोड़ रुपए तक | 6,145 | 101,988.98 | 4,931 | 84,397.01 | 11,076 | 186,385.99 |
| 11 | 25 करोड़ रुपए से अधिक और 100 करोड़ रुपए तक | 3,575 | 178,107.24 | 3,542 | 184,539.45 | 7,117 | 362,646.69 |
| 12 | 100 करोड़ रुपए से अधिक और 500 करोड़ रुपए तक | 1,085 | 230,875.57 | 1,192 | 258,517.27 | 2,277 | 489,392.83 |
| 13 | 500 करोड़ रुपए से अधिक और 1000 करोड़ रुपए तक | 126 | 95,589.89 | 233 | 184,417.06 | 359 | 280,006.95 |
| 14 | 1000 करोड़ रुपए से अधिक | 118 | 459,774.71 | 468 | 2,079,745.31 | 586 | 2,539,520.01 |
| | **योग** | **943,012** | **1,432,996.94** | **64,625** | **2,891,065.77** | **1,007,637** | **4,324,062.71** |

## तालिका 1.3: 31 दिसंबर, 2014 तक पंजीकृत कंपनियों की राज्य/संघ-शासित प्रदेश-वार स्थिति

| क्र.सं. | राज्य/संघ-शासित प्रदेश | पंजीकृत | बंद की गई | 3वर्षों तक वार्षिक फाइलिंग नहीं की गई | निष्क्रिय | जिनके विरूद्ध परिसमापन की कार्रवाई चल रही है | जिनके विरूद्ध नाम हटाने की कार्रवाई चल रही है | एआईपीजी | सक्रिय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार दीव समूह | 241 | 5 | 45 | - | - | - | 3 | 188 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 20,759 | 2,142 | 5,378 | - | 52 | 189 | 32 | 12,966 |
| 3 | अरूणाचल प्रदेश | 488 | 234 | 8 | - | 2 | 61 | 1 | 182 |
| 4 | असम | 9,175 | 2,719 | 173 | - | 15 | 1,253 | 1 | 5,014 |
| 5 | बिहार | 19,126 | 2,367 | 1,212 | 1 | 41 | 3,349 | 9 | 12,147 |
| 6 | चंडीगढ | 12,544 | 3,895 | 1,104 | - | 68 | 66 | 1 | 7,410 |
| 7 | छत्तीगढ़ | 7,426 | 1,043 | 241 | - | 1 | 17 | 4 | 6,120 |
| 8 | दादर एवं नगर हवेली | 440 | 38 | 52 | - | - | 10 | 1 | 339 |
| 9 | दमन एवं दीव | 308 | 59 | 22 | 1 | 2 | 34 | - | 190 |
| 10 | दिल्ली | 268,732 | 43,272 | 28,221 | 28 | 678 | 1,618 | 74 | 194,841 |
| 11 | गोवा | 7,300 | 1,408 | 441 | - | 11 | 627 | 4 | 4,809 |
| 12 | गुजरात | 80,129 | 14,008 | 10,840 | 3 | 568 | 2,821 | 51 | 51,838 |
| 13 | हरियाणा | 25,229 | 2,415 | 2,166 | 2 | 28 | 159 | 10 | 20,449 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 4,655 | 1,111 | 415 | - | 20 | 114 | 1 | 2,994 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 3,933 | 600 | 974 | - | 15 | 75 | 5 | 2,264 |
| 16 | झारखंड | 8,703 | 1,049 | 614 | - | 12 | 796 | 5 | 6,227 |
| 17 | कर्नाटक | 77,008 | 15,246 | 7,879 | 6 | 494 | 831 | 61 | 52,491 |
| 18 | केरल | 37,401 | 10,263 | 2,211 | 13 | 295 | 93 | 18 | 24,508 |
| 19 | लक्षद्वीप | 12 | - | 2 | - | - | - | - | 10 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 29,379 | 7,374 | 1,337 | - | 65 | 145 | 5 | 20,453 |
| 21 | महाराष्ट्र | 291,089 | 40,913 | 33,837 | 10 | 1,216 | 2,169 | 295 | 212,649 |
| 22 | मणिपुर | 373 | 153 | 17 | - | - | 36 | 1 | 166 |
| 23 | मेघालय | 930 | 320 | 13 | - | 2 | 69 | - | 526 |
| 24 | मिजोरम | 94 | 53 | 7 | - | - | 7 | - | 27 |
| 25 | नागालैंड | 472 | 262 | 25 | - | 1 | 36 | - | 148 |
| 26 | उड़ीसा | 18,126 | 5,506 | 565 | - | 64 | 254 | 3 | 11,734 |
| 27 | पुडूचेरी | 2,727 | 1,136 | 229 | - | 13 | 7 | - | 1,342 |
| 28 | पंजाब | 25,969 | 8,448 | 2,014 | - | 113 | 141 | 9 | 15,244 |
| 29 | राजस्थान | 45,350 | 7,153 | 1,389 | 1 | 73 | 2,193 | 14 | 34,527 |
| 30 | सिक्किम | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 31 | तमिलनाडु | 113,041 | 27,580 | 15,404 | 7 | 267 | 1,641 | 95 | 68,047 |
| 32 | तेलंगाना | 75,828 | 6,889 | 17,186 | - | 222 | 745 | 73 | 50,713 |
| 33 | त्रिपुरा | 326 | 80 | 5 | - | - | 39 | - | 202 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 63,292 | 11,283 | 4,706 | 5 | 214 | 610 | 23 | 46,451 |
| 35 | उत्तराखंड | 4,562 | 728 | 83 | - | 14 | 260 | - | 3,477 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 184,034 | 43,272 | 812 | 10 | 654 | 2,338 | 4 | 136,944 |
| | **कुल** | **1,439,201** | **263,024** | **139,627** | **87** | **5,220** | **22,803** | **803** | **1,007,637** |

नोट

1 एआईपीजी(प्रगति में सक्रिय): मंत्रालय द्वारा एक निष्क्रिय कंपनी को अपनी लंबित वार्षिक फाइलिंग करने के लिए 21 दिन का समय दिया जाता है। इस अवधि के दौरान कंपनी की स्थिति प्रगति में सक्रिय होगी।

2 सिक्किम कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत नहीं आता है।

| तालिका 1.4: दिनांक 31 दिसंबर, 2014 तक आर्थिक गतिविधि-वार सक्रिय कंपनियां (प्राधिकृत पूंजी करोड़ रूपए में) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | आर्थिक गतिविधि | निजी | | सार्वजनिक | | कुल | |
| | | संख्या | प्राधिकृत पूंजी | संख्या | प्राधिकृत पूंजी | संख्या | प्राधिकृत पूंजी |
| **I** | **कृषि और संबद्ध गतिविधियां** | 22,966 | 15,730.59 | 2,853 | 32,721.24 | 25,819 | 48,451.83 |
| **II** | **उद्योग** | 318540 | 698,319.71 | 25,757 | 1,631,416.04 | 344,297 | 2,329,735.75 |
| 1 | *उत्पादन* | 195,604 | 381,739.57 | 17,877 | 616,935.29 | 213,481 | 998,674.86 |
| 2 | *निर्माण कार्य* | 100,480 | 176,491.65 | 5,391 | 223,526.80 | 105,871 | 400,018.46 |
| 3 | *बिजली, गैस और जल कंपनियां* | 11422 | 111,736.35 | 1,747 | 733,892.33 | 13,169 | 845,628.68 |
| 4 | *खनन और उत्खनन* | 11,034 | 28,352.13 | 742 | 57,061.63 | 11,776 | 85,413.75 |
| **III** | **सेवाएं** | 579559 | 686,973.47 | 33,893 | 1,062,369.00 | 613,452 | 1,749,342.47 |
| 1 | *व्यापार सेवाएं* | 236,946 | 241,794.82 | 9,942 | 379,007.45 | 246,888 | 620,802.27 |
| 2 | *व्यवसायिक* | 143,488 | 133,028.24 | 6,276 | 103,692.11 | 149,764 | 236,720.34 |
| 3 | *रीयल एस्टेट और किराया* | 69,760 | 61,267.42 | 3,877 | 31,572.17 | 73,637 | 92,839.59 |
| 4 | सामुदायिक, निजी और सामाजिक सेवाएं | 58,888 | 55,743.32 | 3,853 | 115,987.26 | 62,741 | 171,730.58 |
| 5 | *वित्त* | 39,340 | 150,529.40 | 8,348 | 222,430.99 | 47,688 | 372,960.39 |
| 6 | *परिवहन, संचयन और संचार* | 30,512 | 43,527.54 | 1,461 | 169,301.04 | 31,973 | 212,828.58 |
| 7 | *बीमा* | 625 | 1,082.73 | 136 | 40,377.98 | 761 | 41,460.71 |
| **IV** | **अन्य** | 21,947 | 31,973.18 | 2,122 | 164,559.49 | 24,069 | 196,532.67 |
| | **कुल** | 943,012 | 1,432,996.94 | 64,625 | 2,891,065.77 | 1,007,637 | 4,324,062.71 |

अमान्य आर्थिक गतिविधि (एनआईसी-2004) कोड वाली कंपनियों को अवर्गीकृत श्रेणी में रखा गया है।

| तालिका 2.1: आर्थिक गतिविधि-वार एकल व्यक्ति कंपनी (प्राधिकृत पूंजी लाख रूपए में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | आर्थिक गातिविधि | 31.12.2014 तक | | दिसंबर, 2014 के दौरान | |
| | | संख्या | प्राधिकृत पूंजी | संख्या | प्राधिकृत पूंजी |
| I | **कृषि और संबद्ध गतिविधियां** | **21** | **89.00** | **5** | **9.00** |
| II | **उद्योग** | **195** | **534.00** | **31** | **49.00** |
| 1 | *उत्पादन* | 106 | 257.00 | 17 | 23.00 |
| 2 | *निर्माण कार्य* | 65 | 203.00 | 10 | 22.00 |
| 3 | *बिजली, गैस और जल कंपनियां* | 9 | 31.00 | 2 | 2.00 |
| 4 | *खनन और उत्खनन* | 15 | 43.00 | 2 | 2.00 |
| **III** | **सेवाएं** | **1,186** | **2,498.00** | **241** | **532.00** |
| 1 | *व्यापार सेवाएं* | 775 | 1,564.00 | 129 | 238.00 |
| 2 | *व्यवसायिक* | 135 | 316.00 | 39 | 136.00 |
| 3 | *रीयल एस्टेट और किराया* | 31 | 89.00 | 3 | 4.00 |
| 4 | सामुदायिक, निजी और सामाजिक सेवाएं | 196 | 390.00 | 62 | 133.00 |
| 5 | *वित्त* | 12 | 54.00 | 3 | 12.00 |
| 6 | *परिवहन, संचयन और संचार* | 37 | 85.00 | 5 | 9.00 |
| IV | **अन्य** | **1** | **10.00** | **-** | **-** |
| | **कुल** | **1,403** | **3,131.00** | **277** | **590.00** |

**तालिका 3.1: इन माहों के दौरान पंजीकृत कंपनियों और सीमित देयता भागीदारियों की संख्या**

| माह | सार्वजनिक कंपनियां | निजी कंपनियां | सीमित देयता भागीदारी |
|---|---|---|---|
| जनवरी 2013 | 182 | 5,326 | 483 |
| फरवरी 2013 | 243 | 6,229 | 337 |
| मार्च 2013 | 202 | 6,708 | 535 |
| अप्रैल 2013 | 383 | 8,643 | 666 |
| मई 2013 | 324 | 10,222 | 662 |
| जून 2013 | 260 | 7,804 | 565 |
| जुलाई 2013 | 230 | 8,554 | 679 |
| अगस्त 2013 | 171 | 7,010 | 531 |
| सितंबर 2013 | 271 | 7,227 | 524 |
| अक्तूबर 2013 | 175 | 6,410 | 586 |
| नवंबर 2013 | 169 | 7,166 | 493 |
| दिसंबर 2013 | 204 | 7,740 | 722 |
| जनवरी 2014 | 256 | 7,950 | 792 |
| फरवरी 2014 | 213 | 7,300 | 865 |
| मार्च 2014 | 508 | 9,247 | 897 |
| अप्रैल 2014 | 27 | 738 | 562 |
| मई 2014 | 29 | 1,760 | 531 |
| जून 2014 | 89 | 4,712 | 825 |
| जुलाई 2014 | 139 | 7,090 | 1,131 |
| अगस्त 2014 | 130 | 6,546 | 1,171 |
| सितंबर 2014 | 139 | 6,725 | 1,235 |
| अक्तूबर 2014 | 89 | 4,194 | 963 |
| नवंबर 2014 | 125 | 5,346 | 1,244 |
| दिसंबर 2014 | 150 | 6,296 | 1,399 |

| तालिका 4.1: दिसंबर, 2014 के दौरान नई कंपनियों का पंजीकरण | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **श्रेणी** | **संख्या** | **प्राधिकृत पूंजी (लाख रूपए में)** |
| **1** | **शेयरों द्वारा सीमित कंपनी** | **6,424** | **623,353.40** |
| i | *निजी* | 6,274 | 109,182.40 |
| ii | *सार्वजनिक* | 150 | 514,171.00 |
| **2** | **गारंटी द्वारा सीमित कंपनी** | **20** | **68.00** |
| i | *निजी* | 20 | 68.00 |
| ii | *सार्वजनिक* | 0 | 0.00 |
| **3** | **सीमित कंपनी** | **2** | **2.00** |
| i | *निजी* | 2 | 2.00 |
| ii | *सार्वजनिक* | 0 | 0.00 |
| | **कुल** | **6,446** | **623,423.40** |

| तालिका 4.2: दिसंबर, 2014 के दौरान गतिविधि -वार नई कंपनियों का पंजीकरण (प्राधिकृत पूंजी लाख रूपए में) | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र. सं.** | **आर्थिक गातिविधि** | **निजी** | | **सार्वजनिक** | | **कुल** | |
| | | **संख्या** | **प्राधिकृत पूंजी** | **संख्या** | **प्राधिकृत पूंजी** | **संख्या** | **प्राधिकृत पूंजी** |
| **I** | **कृषि और संबद्ध गतिविधियां** | 215 | 2,350.00 | 4 | 25.00 | 219 | 2,375.00 |
| **II** | **उद्योग** | 1,431 | 21,761.50 | 39 | 3,093.00 | 1,470 | 24,854.50 |
| | *उत्पादन* | 869 | 16,616.00 | 23 | 343.00 | 892 | 16,959.00 |
| | *निर्माण कार्य* | 407 | 4,232.50 | 8 | 2,615.00 | 415 | 6,847.50 |
| | *बिजली, गैस और जल कंपनियां* | 91 | 455.00 | 6 | 125.00 | 97 | 580.00 |
| | *खनन और उत्खनन* | 64 | 458.00 | 2 | 10.00 | 66 | 468.00 |
| **III** | **सेवाएं** | 4,649 | 85,139.90 | 107 | 511,053.00 | 4,756 | 596,192.90 |
| | *व्यापार सेवाएं* | 2,844 | 55,567.30 | 34 | 7,681.00 | 2,878 | 63,248.30 |
| | *व्यवसाय* | 651 | 7,551.70 | 5 | 48.00 | 656 | 7,599.70 |
| | सामुदायिक, निजी और सामाजिक सेवाएं | 443 | 3,898.00 | 4 | 20.00 | 447 | 3,918.00 |
| | *रीयल एस्टेट और किराया* | 391 | 9,708.50 | 19 | 145.00 | 410 | 9,853.50 |
| | *परिवहन, संचयन और संचार* | 194 | 2,362.90 | 6 | 185.00 | 200 | 2,547.90 |
| | *वित्त* | 124 | 6,049.50 | 38 | 501,474.00 | 162 | 507,523.50 |
| | *बीमा* | 2 | 2.00 | 1 | 1,500.00 | 3 | 1,502.00 |
| **IV** | **अन्य** | 1 | 1.00 | - | - | 1 | 1.00 |
| | **कुल** | **6,296** | **109,252.40** | **150** | **514,171.00** | **6,446** | **623,423.40** |

## तालिका 4.3: दिसंबर 2014 के दौरान कंपनियों का राज्य/संघ शासनवार पंजीकरण

(प्राधिकृत पूंजी लाख रूपए में)

| क्र.सं. | राज्य/संघ शासित प्रदेश | निजी | | सार्वजनिक | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | संख्या | प्राधिकृत पूंजी | संख्या | प्राधिकृत पूंजी | संख्या | प्राधिकृत पूंजी |
| 1 | अंडमान और निकोबार दीव | 5 | 46.00 | - | - | 5 | 46.00 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 198 | 1,886.00 | 3 | 110.00 | 201 | 1,996.00 |
| 3 | असम | 14 | 198.00 | - | - | 14 | 198.00 |
| 4 | बिहार | 135 | 951.50 | 6 | 151.00 | 141 | 1,102.50 |
| 5 | चंडीगढ़ | 62 | 18,704.25 | - | - | 62 | 18,704.25 |
| 6 | छत्तीगढ़ | 28 | 791.00 | - | - | 28 | 791.00 |
| 7 | दादर एवं नगर हवेली | 3 | 102.00 | - | - | 3 | 102.00 |
| 8 | दमन एवं दीव | 2 | 6.00 | - | - | 2 | 6.00 |
| 9 | दिल्ली | 1,173 | 9,874.90 | 27 | 180.00 | 1,200 | 10,054.90 |
| 10 | गोवा | 8 | 825.00 | 1 | 5.00 | 9 | 830.00 |
| 11 | गुजरात | 287 | 1,484.00 | 8 | 75.00 | 295 | 1,559.00 |
| 12 | हरियाणा | 263 | 2,605.50 | 5 | 31.00 | 268 | 2,636.50 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 17 | 503.00 | - | - | 17 | 503.00 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर | 21 | 290.00 | - | - | 21 | 290.00 |
| 15 | झारखंड | 49 | 738.00 | 1 | 15.00 | 50 | 753.00 |
| 16 | कर्नाटक | 556 | 16,429.50 | 5 | 2,195.00 | 561 | 18,624.50 |
| 17 | केरल | 154 | 2,579.00 | 3 | 2,015.00 | 157 | 4,594.00 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 119 | 1,385.50 | 3 | 20.00 | 122 | 1,405.50 |
| 19 | महाराष्ट्र | 939 | 15,466.50 | 15 | 5,715.00 | 954 | 21,181.50 |
| 20 | मणिपुर | 1 | 50.00 | - | - | 1 | 50.00 |
| 21 | मेघालय | 1 | 1.00 | - | - | 1 | 1.00 |
| 22 | मिजोरम | 1 | 1.00 | - | - | 1 | 1.00 |
| 23 | उड़ीसा | 96 | 1,088.00 | 2 | 105.00 | 98 | 1,193.00 |
| 24 | पुडूचेरी | 9 | 70.00 | - | - | 9 | 70.00 |
| 25 | पंजाब | 78 | 1,654.50 | 3 | 60.00 | 81 | 1,714.50 |
| 26 | राजस्थान | 175 | 550.20 | 3 | 25.00 | 178 | 575.20 |
| 27 | तमिलनाडु | 484 | 17,063.35 | 9 | 185.00 | 493 | 17,248.35 |
| 28 | तेलंगाना | 471 | 4,581.00 | 4 | 2,616.00 | 475 | 7,197.00 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 617 | 5,154.70 | 45 | 533.00 | 662 | 5,687.70 |
| 30 | उत्तराखंड | 30 | 243.00 | 2 | 10.00 | 32 | 253.00 |
| 31 | पश्चिम बंगाल | 300 | 3,930.00 | 5 | 500,125.00 | 305 | 504,055.00 |
| | **कुल** | **6,296** | **109,252.40** | **150** | **514,171.00** | **6,446** | **623,423.40** |

| तालिका 5.1: 31 दिसंबर 2014 तक योगदान की बाध्यता वार सक्रिय सीमित देयता भागीदारियां | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **योगदान सीमा की बाध्यता** | **संख्या** | **योगदान की बाध्यता (लाख रूपए में)** |
| 1 | 1 लाख तक | 21,334 | 16,652.30 |
| 2 | 1 लाख से अधिक और 5 लाख तक से अधिक | 3,797 | 13,060.06 |
| 3 | 5 लाख से अधिक और 10 लाख तक से अधिक | 1,961 | 18,267.39 |
| 4 | 10 लाख से अधिक और 25 लाख तक से अधिक | 1,124 | 20,899.66 |
| 5 | 25 लाख से अधिक और 50 लाख तक से अधिक | 701 | 28,553.77 |
| 6 | 50 लाख से अधिक और 1 करोड़ तक से अधिक | 612 | 53,246.49 |
| 7 | 1 करोड़ से अधिक और 2 करोड़ तक से अधिक | 284 | 43,970.59 |
| 8 | 2 करोड़ से अधिक और 5 करोड़ तक से अधिक | 328 | 112,823.89 |
| 9 | 5 करोड़ से अधिक और 10 करोड़ तक से अधिक | 144 | 112,367.51 |
| 10 | 10 करोड़ से अधिक और 25 करोड़ तक से अधिक | 92 | 156,464.78 |
| 11 | 25 करोड़ से अधिक और 100 करोड़ तक से अधिक | 89 | 473,839.31 |
| 12 | 100 करोड़ तक से अधिक | 12 | 272,898.12 |
| | **कुल** | **30,478** | **1,323,043.89** |

| तालिका 5.2: दिनांक 31 दिसंबर, 2014 तक आर्थिक गतिविधि-वार सक्रिय सीमित देयता भागीदारियां | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **आर्थिक गतिविधि** | **संख्या** | **योगदान की बाध्यता (लाख रूपए में )** |
| I | **कृषि और संबद्ध गतिविधि** | 548 | 20,605.68 |
| II | **उद्योग** | 7,044 | 496,303.96 |
| 1 | *उत्पादन* | 3,070 | 140,186.65 |
| 2 | *निर्माण कार्य* | 3,599 | 196,450.19 |
| 3 | *बिजली, गैस और जल कंपनियां* | 181 | 149,764.78 |
| 4 | *खनन और उत्खनन* | 194 | 9,902.35 |
| III | **सेवाएं** | 22,884 | 806,122.25 |
| 1 | *व्यापार सेवाएं* | 12,082 | 238,668.04 |
| 2 | *व्यवसायिक* | 3,309 | 234,532.03 |
| 3 | *रीयल एस्टेट और किराया* | 3,696 | 188,183.82 |
| 4 | सामुदायिक, निजी और सामाजिक सेवाएं | 2,638 | 63,263.60 |
| 5 | *वित्त* | 569 | 76,268.81 |
| 6 | *परिवहन, संचयन और संचार* | 582 | 5,138.45 |
| 7 | *बीमा* | 8 | 67.50 |
| IV | **अवर्गीकृत** | 2 | 12.00 |
| | **कुल** | **30,478** | **1,323,043.89** |

नोट - योगदान की बाध्यता में मूर्त एवं अमूर्त संपत्तियां अथवा सीमित देयता भागीदारी के पार्टनरों द्वार लाए गए अन्य लाभ भी शामिल है।

| तालिका 5.3: दिसंबर, 2014 के दौरान आर्थिक गतिविधि-वार पंजीकृत सीमित देयता भागीदारियां | | | |
|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **आर्थिक गतिविधि** | **संख्या** | **योगदान की बाध्यता (लाख रूपए में )** |
| **I** | **कृषि और संबद्ध गतिविधियां** | **25** | **670.56** |
| **II** | **उद्योग** | **347** | **5,609.75** |
| 1 | *उत्पादन* | 174 | 1,763.72 |
| 2 | *निर्माण कार्य* | 155 | 3,095.03 |
| 3 | *बिजली, गैस और जल कंपनियां* | 6 | 310.00 |
| 4 | *खनन और उत्खनन* | 12 | 441.00 |
| **III** | **सेवाएं** | **1,027** | **17,380.62** |
| 1 | *व्यापार सेवाएं* | 524 | 3,064.78 |
| 2 | *व्यवसायिक* | 159 | 2,141.11 |
| 3 | *रीयल एस्टेट और किराया* | 190 | 7,733.14 |
| 4 | सामुदायिक, निजी और सामाजिक सेवाएं | 108 | 4,232.00 |
| 5 | *वित्त* | 19 | 30.37 |
| 6 | *परिवहन, संचयन और संचार* | 27 | 179.22 |
| | **कुल** | **1,399** | **23,660.93** |

नोट - योगदान की बाध्यता में मूर्त एवं अमूर्त संपत्तियां अथवा सीमित देयता भागीदारी के पार्टनरों द्वार लाए गए अन्य लाभ भी शामिल है।